Title: Need for early completion of doubling of railway track between Karpoorigram and Siho in Bihar by North-Eastern Railways.

श्री मंजय लाल (समस्तीपुर) : महोदय, पूर्वोत्तर रेलवे के बरौनी से रामदयालू नगर रेलवे स्टेशन तक लाइन का दोहरीकरण चार चरणों में करना था। तीन चरणों का काम वर्षों पहले समाप्त हो गया। चौथे चरण का काम सीहो से कर्पूरी ग्राम तक मात्र 35 किलोमीटर तक लम्बित है। मिट्टी का काम लगभग समाप्त है. प्रत्येक वर्ष लम्बित काम के लिए बजट में रुपया आवंटित किया जाता है। पर अधूरा काम को पूरा नहीं किया जाता है। उत्तरी बिहार का यह सबसे मुख्य रेल पथ है। अधिकांश मुख्य गाड़ियां इसी रेल पथ से गुजरती हैं। मात्र 35 किलोमीटर के लिए रेल सेवा सुचारू रूप से नहीं चल रही है। यात्रियों को और रेल प्रशासन को भी परेशानी है।

अतः मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि पूर्वोत्तर रेलवे के कर्पूरी ग्राम से सीहो तक के लम्बित रेल पथ के दोहरीकरण का काम जनहित में अतिशीघ्र करें।

MR. CHAIRMAN : Lastly, the Matter under Rule 377 in respect of Shri P.H. Pandiyan be treated as laid on the Table of the House.